समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# केले के खेत से वैश्विक बाजार तक : देवानंद दिलीप कुकडे (DK FRUITS) की प्रेरणादायक निर्यात यात्रा

Sanket Morankar
Published on 03 Mar 2026



कभी सुपरवाइजर के रूप में काम करने वाले देवानंद दिलीप कुकडे ने आज उसी क्षेत्र में मालिक बनकर अपनी पहचान स्थापित की है। **DK FRUITS** के माध्यम से उन्होंने केले के व्यापार को स्थानीय मंडी से निकालकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया।

उनकी कहानी संघर्ष, सीख और दृढ़ संकल्प की मिसाल है।

व्यवसाय की शुरुआत सीमित पूंजी से हुई थी, लेकिन उत्साह और आत्मविश्वास भरपूर था। उन्होंने पारंपरिक दलाल प्रणाली को दरकिनार कर सीधे किसानों से माल खरीदने का निर्णय लिया।

स्थानीय बाजार में सीमित लाभ को देखते हुए उन्होंने **केला निर्यात (Banana Export)** का साहसी कदम उठाया। लेकिन निर्यात का पहला प्रयास बेहद निराशाजनक साबित हुआ।

केला अत्यंत संवेदनशील और जल्दी खराब होने वाला फल है। ईरान और मध्य-पूर्व के देशों में निर्यात करते समय अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का पालन आवश्यक था।

पहले कंटेनर की शिपमेंट के दौरान **कोल्ड चेन मैनेजमेंट** में तकनीकी त्रुटि और पॅकेजिंग की कमी के कारण पूरा माल गंतव्य तक पहुंचते-पहुंचते खराब हो गया। विदेशी खरीदार ने शिपमेंट अस्वीकार कर दी।

यह लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान और बड़ा मानसिक आघात था। कई लोगों ने व्यवसाय छोड़ने की सलाह दी।

लेकिन यहीं से उनकी असली परीक्षा शुरू हुई।

देवानंद कुकडे ने हार मानने के बजाय अपनी गलतियों का गहराई से विश्लेषण किया।

? **पैकेजिंग सुधार** – अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार वैक्यूम पैकिंग शुरू की।

? **तापमान नियंत्रण** – 13–14°C पर नियंत्रित कोल्ड स्टोरेज और रीफर वैन की साखळी विकसित की।
? **किसानों को प्रशिक्षण** – निर्यात योग्य गुणवत्ता के लिए किसानों को मार्गदर्शन देना शुरू किया।

इसी के साथ उन्होंने आयात क्षेत्र में भी कदम रखते हुए **DK Import** के नाम से खाड़ी देशों से सेब, खजूर, पिस्ता और कच्चे तेल के आयात की शुरुआत की।

आज DK FRUITS के माध्यम से केलों की निर्यात आपूर्ति मध्य-पूर्व, ईरान और यूरोप के बाजारों तक पहुंच रही है।

जहां कभी बड़ा नुकसान हुआ था, वहीं आज वे सैकड़ों किसानों के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खोल रहे हैं। किसानों को बेहतर और स्थिर कीमत मिल रही है, जिससे उनका आर्थिक स्तर मजबूत हुआ है।

उनकी सफलता में उनके मामा का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने हर कठिन समय में उनका साथ दिया।

उनकी उद्यमशीलता और संघर्षपूर्ण सफलता को देखते हुए वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित “Maharashtra Business Icon” सम्मान के लिए उनका चयन किया गया है।

यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा प्रदान किया जाएगा।

इस समारोह में प्रसिद्ध अभिनेत्री **Prarthana Behere** विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का नेतृत्व **Sudhir Kumar Pathade** द्वारा किया जा रहा है।

देवानंद दिलीप कुकडे की यात्रा हमें यह सिखाती है कि
**व्यवसाय मे आंने वाली कठिनाइयां हमे रोकने के लिए नहीं, बल्कि और अधिक सक्षम और परिपक्व बनाने के लिए आती है।**

सही दृष्टिकोण, निरंतर सुधार और अटूट हौसले से स्थानीय खेतों की उपज भी वैश्विक पहचान पा सकती है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.